प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 10 सितम्बर, 2025 :-

(1) भारत की युवा शक्ति विश्व बंधुत्व की सबसे बड़ी आधारशिला है: राज्यपाल

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज आड्रे हाउस, रांची में राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच, झारखण्ड द्वारा 'विश्व बंधुत्व के लिए विशाल और समृद्ध भारत का महत्व' के विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने आदिकाल से ही दुनिया को “वसुधैव कुटुम्बकम्” का संदेश दिया है। हमारे देश की पहचान प्राचीन काल से ही ‘विश्व गुरु’ के रूप में रही है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि आज जब हम विश्व बंधुत्व में विशाल और समृद्ध भारत की बात करते हैं, तो इसका अर्थ केवल भौगोलिक आकार या आर्थिक शक्ति तक सीमित नहीं है। इसका वास्तविक आशय एक ऐसे भारत से भी है, जो आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक दृष्टि से विश्व का नेतृत्व करे। उन्होंने कहा

कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश पुनः 'विश्व गुरू' के रूप में पूरी दुनिया में अपना स्थान प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री भी अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सदैव यही संदेश देते हैं कि भारत केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए सोचता है। उनकी नीति में वास्तव में वैश्विक भाईचारे की नींव निहित रहती है। 'One Earth, One Family, One Future' का उनका आह्वान इसी शाश्वत भारतीय दृष्टि का रूप है। भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भी इस विचार को वैश्विक स्तर पर और मजबूती से रखा गया। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि आज विश्व भारत की ओर विश्वास और आशा भरी दृष्टि से देख रही है और विभिन्न क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग व साझेदारी करना चाहती है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि विश्व बंधुत्व तभी संभव है, जब हम अपने अंतर्मन में भाईचारे और करुणा की भावना विकसित करें। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने पड़ोसी को परिवार समझे, हर समाज दूसरे समाज को मित्र समझे और हर राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को सहयोगी

समझे, तो निश्चित ही हम एक ऐसे युग की शुरुआत करेंगे जहाँ शांति और समृद्धि दोनों स्थायी होंगे।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची परिसर पहुंचकर सियाचिन में शहीद हुए देवघर जिला के मधुपुर स्थित कजरा गांव निवासी भारत माता के वीर सपूत 19 महार रेजीमेंट के अग्निवीर नीरज कुमार चौधरी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की।